THE MEHTA GROUP

Snowcem PAINTS
TRUE COLOURS OF LIFE

अंक 02
अप्रैल 2026

# स्नोसेम न्यूज़

**मुख्य झलकियाँ**
स्नोसेम स्टार ऐप ... पेज 01


**बुलेटिन**
रंगों के नए ट्रेंड्स ... पेज 03

**सहयोग**
पार्टनर पल्स ... पेज 05

**परियोजनाएँ**
उत्पादों की उत्कृष्टता
... पेज 08



# एक ऐप जो पेंटर्स को सिखाता भी है
# और रिवॉर्ड्स भी देता है




स्नोसेम का हमेशा से यह मानना रहा है कि पेंटर्स उसकी सफलता का सबसे महत्त्वपूर्ण हिस्सा हैं। इसी मजबूत रिश्ते को आगे बढ़ाते हुए स्नोसेम ने 'स्नोसेम स्टार ऐप' लॉन्च किया है, जो खास तौर पर पेंटर्स के लिए बनाया गया एक लॉयल्टी प्रोग्राम है। यह ऐप पेंटर्स के योगदान को सम्मान देने के साथ-साथ उन्हें रिवॉर्ड्स जीतने और अपने पेशे से जुड़ी जानकारी बढ़ाने का अवसर प्रदान करता है।

स्नोसेम स्टार ऐप पेंटर्स को एक आसान प्लेटफॉर्म देता है, जहाँ वे रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं, अपना KYC पूरा कर सकते हैं और पुरस्कार (रिवॉर्ड) कमाना शुरू कर सकते हैं। रजिस्ट्रेशन के लिए आधार, पैन और बैंक डिटेल्स की जरूरत होती है, जिससे पूरी प्रक्रिया सुरक्षित और पारदर्शी रहती है। KYC पूरा होने के बाद पेंटर्स इस प्रोग्राम में शामिल होकर QR कोड स्कैन करके लाभ प्राप्त करने के पात्र हो जाते हैं।


### एक झलक

- डायरेक्ट कैशबैक कमाएँ: क्यूआर कोड स्कैन करके तुरंत लाभ प्राप्त करें।
- पॉइंट्स इकट्ठा करें और रिडीम करें: रिवॉर्ड पॉइंट्स जमा करने और उन्हें आसानी से रिडीम करने के लिए क्यूआर कोड स्कैन करें।
- कमाई को आसानी से ट्रैक करें: एक सरल, उपयोगकर्ता-अनुकूल प्लेटफॉर्म पर पॉइंट्स, कैशबैक और रिडेम्पशन देखें।
- सीखें और आगे बढ़ें: उत्पादों के बारे में अपडेट रहने और रिवॉर्ड्स को अधिकतम करने के लिए ऐप में मौजूद वीडियो देखें।

यह ऐप बहुत ही आसान तरीके से काम करता है। पेंटर्स स्नोसेम पेंट की बाल्टियों पर दिए गए QR कोड स्कैन करके कैशबैक और रिवॉर्ड पॉइंट्स कमा सकते हैं। DBT QR कोड स्कैन करने पर कैशबैक और पॉइंट्स दोनों मिलते हैं, जबकि सामान्य QR कोड स्कैन करने पर सिर्फ रिवॉर्ड पॉइंट्स मिलते हैं। इन पॉइंट्स को बाद में आसानी से रिडीम किया जा सकता है, जिससे पेंटर्स को सीधा आर्थिक लाभ मिलता है और और स्नोसेम उत्पादों के साथ जुड़े रहने के लिए प्रोत्साहन भी मिलता है।

स्नोसेम स्टार ऐप की एक खास बात इसका आसान और यूज़र-फ्रेंडली डिजाइन है। पेंटर्स इसमें अपनी कमाई देख सकते हैं, जमा हुए पॉइंट्स ट्रैक कर सकते हैं और रिडेम्पशन भी आसानी से मैनेज कर सकते हैं। इससे पूरा सिस्टम स्पष्ट और भरोसेमंद बनता है और पेंटर्स को इसमें सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रोत्साहन मिलता है।

रिवॉर्ड के अलावा, स्नोसेम स्टार ऐप पेंटर्स कौशल बढ़ाने और उत्पादों की जानकारी देने पर भी ध्यान देता है। इसमें एक वीडियो सेक्शन है, जहाँ पेंटर्स नए स्नोसेम प्रोडक्ट्स के बारे में सीख सकते हैं और लॉयल्टी प्रोग्राम का पूरा फायदा कैसे उठाएं, यह समझ सकते हैं।




ऐप इंटरफ़ेस

स्नोसेम स्टार सिर्फ एक लॉयल्टी प्रोग्राम नहीं है, बल्कि एक ऐसा प्लेटफॉर्म है जो रिवॉर्ड, ज्ञान और व्यावसायिक उन्नति को साथ लेकर चलता है। यह प्रोग्राम पेंटर्स को फायदा देने के साथ स्नोसेम के साथ उनके रिश्ते को और मजबूत बनाता है। जैसे-जैसे इसमें भागीदारी बढ़ेगी, स्नोसेम स्टार पेंटर कम्युनिटी को सपोर्ट और सशक्त बनाने का एक जरूरी साधन बन जाएगा।

# आने वाले सीजन के लिए पेंट और रंगों के नए ट्रेंड्स
## भारतीय बाजार की दृष्टि से

**भारत में मौसम, घरों का डिजाइन और लोगों की बदलती लाइफस्टाइल के हिसाब से रंगों की पसंद बदलती रहती है। अब ग्राहक सिर्फ अच्छे दिखने वाले रंग नहीं, बल्कि टिकाऊ, मजबूत और लंबे समय तक चलने वाले पेंट चाहते हैं। इसलिए पेंटर, डीलर और डिस्ट्रीब्यूटर के लिए इन नए ट्रेंड्स को समझना जरूरी हो गया है। आने वाले समय में ये ट्रेंड्स ज्यादा देखने को मिलेंगे:**

### मौसम के हिसाब से मिट्टी जैसे और ठंडक देने वाले रंग

भारत के गर्म मौसम के कारण ऐसे रंगों की मांग बढ़ रही है जो गर्मी कम सोखें और अच्छे भी लगें। टेराकोटा, सैंडस्टोन बेज, डेजर्ट ब्राउन और ऑलिव ग्रीन, जैसे रंग खासकर इंडिपेंडेंट घरों में ज्यादा पसंद किए जा रहे हैं। अगर इनको ऐसे पेंट के साथ लगाया जाए जिसमें धूप से बचाने की टेक्नोलॉजी हो, तो ये रंग लंबे समय तक टिकते हैं और जल्दी फीके नहीं पड़ते।




### शहरों के घरों में हल्के और सॉफ्ट पेस्टल रंग

आजकल शहरों के फ्लैट्स में हल्के और शांत रंग, जैसे कि हल्का हरा (सेज), डस्टी रोज, मिस्ट ब्लू और वार्म आइवरी, का ट्रेंड बढ़ रहा है।। ये रंग घर को बड़ा और खुला दिखाते हैं और रोशनी भी अच्छी लगती है। ऐसे रंगों के लिए अच्छे क्वालिटी के इमल्शन पेंट इस्तेमाल करना जरूरी है, जिससे दीवारें साफ रहें और दाग आसानी से हट जाएं।






**विशेष प्रोडक्ट**
**यूनी-ग्लॉस अल्टिमेट सरफेस प्रोटेक्शन एक्सटीरियर इमल्शन पेंट**

यूनी-ग्लॉस अल्टिमेट सरफेस प्रोटेक्शन एक्सटीरियर इमल्शन पेंट एक प्रीमियम क्वालिटी का मल्टी-सर्फेस पेंट है, जिसे खास तौर पर बाहरी दीवारों को सुरक्षित रखने के लिए तैयार किया गया है। यह पेंट सूरज की तेज़ किरणों (UV), ज्यादा नमी, बारिश और इंडस्ट्रियल प्रदूषण जैसे बाहरी प्रभावों से सुरक्षा देता है। इसकी खास फॉर्मूलेशन के कारण सतह पर चमकदार (ग्लॉसी) फिनिश मिलती है और पेंट में अच्छी फ्लेक्सिबिलिटी भी रहती है, जिससे यह लंबे समय तक टिकाऊ रहता है।
यूनी-ग्लॉस को एनामेल पेंट के विकल्प के रूप में भी इस्तेमाल किया जा सकता है और यह इंटीरियर दीवारों पर भी उपयोग के लिए उपयुक्त है।



### विशेष दीवारों के लिए गहरे और टिकाऊ फिनिश

आजकल लोग घर में एक दीवार को खास बनाने का ट्रेंड फॉलो कर रहे हैं। इसके लिए गहरे रंग जैसे इंडिगो ब्लू, फॉरेस्ट ग्रीन, बरगंडी और चारकोल इस्तेमाल हो रहे हैं। इन रंगों के लिए मजबूत और टिकाऊ पेंट चाहिए ताकि रंग बराबर दिखे और जल्दी खराब न हो। टेक्सचर और मेटैलिक फिनिश भी अब होटल, दुकान और महंगे घरों में ज्यादा इस्तेमाल हो रहे हैं।



### बाहर की दीवारों के लिए मजबूत और आसान मेंटेनेंस वाले रंग

घर की बाहरी दीवारों के रंग चुनते समय अब लोग ऐसे विकल्प चाहते हैं जो जल्दी गंदे न दिखें और कम मेंटेनेंस में चल जाएं। वार्म व्हाइट, ग्रे, स्टोन फिनिश और हल्का पीला ये इस प्रकार के रंग हैं। अगर इन्हें वाटरप्रूफ और मजबूत पेंट के साथ लगाया जाए तो, खासकर समुद्र के पास या ज्यादा नमी वाले इलाकों में, दीवारों में दरार, सीलन और फंगस जैसी समस्याएं कम होती हैं।



### पर्यावरण के अनुकूल पेंट्स की बढ़ती मांग

अब लोग ऐसे पेंट पसंद कर रहे हैं जो सेहत और पर्यावरण के लिए सुरक्षित हों। Low-VOC (कम केमिकल), पानी वाले पेंट और एंटी-बैक्टीरियल पेंट की मांग बढ़ रही है। साथ ही, शांत रंग जैसे हल्का हरा, हल्का नीला और न्यूट्रल टोन घर में सुकून और आराम का माहौल बनाते हैं।

भारतीय पेंट इंडस्ट्री में अब सुंदरता और मजबूती दोनों पर बराबर ध्यान दिया जा रहा है। अगर सही मौसम और जगह के हिसाब से रंग और पेंट चुना जाए, तो दीवारें ज्यादा समय तक टिकती हैं, ग्राहक खुश रहते हैं और काम की वैल्यू भी बढ़ती है।

# द पार्टनर पल्स

## साथ मिलकर सुचारु रूप से भविष्य का निर्माण

**श्री शंकर,**
**श्री वेंकटेश्वर एंड कंपनी,**
**सेलम, तमिलनाडु**



स्नोसेम के पास उत्पादों की बहुत अच्छी श्रृंखला है। वे रिटेल विक्रेताओं के लिए बहुत अच्छे ऑफर और सौदे भी लाते हैं। उत्पादों की गुणवत्ता बहुत बढ़िया है और उनके परिणाम तथा फिनिश संतोषजनक हैं। पिछले दो वर्षों से हम स्नोसेम उत्पादों के विशेष डीलर हैं और मैं हमारे इस जुड़ाव से वास्तव में बहुत खुश हूँ। पिछले वर्षों में हमने स्नोसेम के विभिन्न उत्पादों का उपयोग करके कई प्रोजेक्ट पूरे किए हैं, जैसे कि सरकारी इमारतें, इंजीनियरिंग कॉलेज और धार्मिक भवन। साथ-साथ कई आवासीय प्रोजेक्ट भी पूरे किये है।

इन उत्पादों को लगाना आसान है और अलग-अलग प्रकार की सतहों और मौसम की स्थितियों में उनका प्रदर्शन लगातार अच्छा रहा है। स्नोसेम समय पर सहायता और मार्गदर्शन भी प्रदान करता है, जिससे हमें प्रोजेक्ट्स को सुचारू रूप से और कुशलता से पूरा करने में मदद मिलती है। हमारे ग्राहकों ने बताया है कि स्नोसेम के उत्पाद मजबूती और लंबे समय तक चलते हैं। कुल मिलाकर, स्नोसेम के साथ हमारा अनुभव विश्वसनीय और लाभदायक रहा है और हम इस साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए और मजबूत करने के लिए तत्पर हैं।

हम कई वर्षों से स्नोसेम पेंट्स के साथ जुड़े हुए हैं और सैंडटेक्स मैट, स्नोसेम पाउडर, जैसे उत्पादों की बिक्री करते रहे हैं।

बाजार में कुछ समय के अंतराल के बाद, सौराष्ट्र सिमेंट लिमिटेड द्वारा अधिग्रहण किये जाने के पश्चात् इस ब्रांड ने फिर से अच्छी गति पकड़ ली है। इससे हमारे बिजनेस का प्रदर्शन भी काफी बेहतर हुआ है।

कंपनी के उत्पादों की गुणवत्ता उत्कृष्ट है और आज तक कोई शिकायत नहीं मिली है। ग्राहकों की प्रतिक्रिया भी लगातार सकारात्मक रही है। हम स्नोसेम के उत्पादों से बहुत खुश हैं। साथ ही, नए मैनेजमेंट के आने से कंपनी जिस तरह काम कर रही है, वह भी हमें काफी अच्छा लगा है।

**सलाम**
**पेरुंबूर आर्किटेक्चर और पेंट्स**
**पेरुम्बवूर, केरल**



हम, यानि कि मोदी पेंट एंड मार्बल हाउस, वर्ष 2017 से स्नोसेम पेंट्स के साथ जुड़े रहकर बहुत खुश हैं। इनके उत्पादों की रेंज इतनी बड़ी है कि हर तरह के ग्राहकों की ज़रूरत पूरी हो जाती है। साथ ही, गुणवत्ता भी हमेशा उत्कृष्ट रही है, जिसमें कभी कोई कमी नहीं दिखी। इन वर्षों में, स्नोसेम के साथ हमारा व्यवसाय को लगातार और सार्थक रूप से बढ़ते हुए देखा है।



**श्री मनोज मोदी**
मोदी पेंट एंड मार्बल हाउस
मुज़फ्फर नगर, उत्तर प्रदेश

इन वर्षों में, हमने स्नोसेम के साथ अपने व्यवसाय को लगातार और सार्थक रूप से बढ़ते हुए देखा है। हम स्नोसेम द्वारा डीलरों के साथ मजबूत संबंध बनाने के लिए किए गए प्रयासों की भी सराहना करते हैं, जैसे कि देश और विदेश में अच्छी तरह से आयोजित यात्राएँ। मुझे जुलाई 2025 में स्नोसेम के साथ दुबई और अबू धाबी की यात्रा में शामिल होने का अवसर मिला था। उसकी व्यवस्थाएँ बेहद उत्कृष्ट थीं।

अंतरराष्ट्रीय अवॉर्ड समारोह के दौरान, कंपनी ने अपना नया उत्पाद 'Easy to Wash' लॉन्च किया। इसका पैकेजिंग डिज़ाइन तुरंत आकर्षक लगा, और पूरा लॉन्च कार्यक्रम नये प्रकार का और आगे की सोच को दर्शाने वाला था, जो पेंट उद्योग में एक मानक स्थापित करता है। स्नोसेम पेंट्स एक ऐसी कंपनी है, जिसने आज के चुनौतीपूर्ण बाजार में भी बिना किसी समझौते के उच्च गुणवत्ता बनाए रखी है।



**श्री जय गोहिल,**
**श्री गायत्री मार्केटिंग**
**कोडिनार, गुजरात**

मैं स्नोसेम पेंट्स का एक एक्सक्लूसिव डीलर हूं, और कंपनी के साथ मेरा अनुभव बहुत ही अच्छा और संतोषपूर्ण रहा है। स्नोसेम के प्रोडक्ट्स की क्वालिटी बहुत बढ़िया है और ये मार्केट में किसी भी बड़े ब्रांड को कड़ी टक्कर देते हैं।

एक्सक्लूसिव डीलर होने के नाते मुझे अपने शहर और आसपास के गांवों में कई महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट्स पर काम करने का मौका मिला। इनमें से कुछ खास प्रोजेक्ट्स हैं – राखेज में नई बनी लाइब्रेरी, कुछ स्कूल, कोडिनार में एक होटल प्रोजेक्ट और पेटावाड़ा में एक बड़ा मंदिर प्रोजेक्ट। ये सभी मेरे लिए यादगार अनुभव रहे हैं।

काम के अलावा, मुझे घूमने का बहुत शौक है। मैं हर साल कम से कम एक इंटरनेशनल ट्रिप प्लान करता हूं। पिछले साल मैं अपने परिवार के साथ 11 दिनों के लिए जापान गया था, जो बहुत ही शानदार अनुभव रहा। इस साल हम कनाडा जाने की योजना बना रहे हैं।

मैं पूरे विश्वास के साथ कह सकता हूं कि स्नोसेम पेंट्स के साथ मेरा संबंध मेरे जीवन में इन उपलब्धियों को हासिल करने और उनका आनंद लेने में एक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

# सहभागिता को सशक्त बनाना
## सहभागिता संबंधी योजनाएँ



ओडिशा के कटक डिपो में स्नोसेम डीलरों के साथ क्रिकेट मैच




श्री पराग जैन के साथ जन्मदिन समारोह
न्यू साई बिजनेस कंबाइन, नासिक, महाराष्ट्र




पेंटर्स और कॉन्ट्रैक्टर्स सम्मेलन – रेंगाली डैम, अनुगुल (ओडिशा)




स्नोसेम ओडिशा डीलरों के साथ दिसंबर में पुरी यात्रा

# जहां दूरदृष्टि कार्य से मिलती है
## प्रमुख परियोजनाएँ

नागपुर में National Environmental Engineering Research Institute (NEERI) के विभागीय भवन के रेनोवेशन के दौरान स्नोसेम के प्रोडक्ट्स – स्पेशल CW प्राइमर और यूनिग्लॉस का उपयोग किया गया। नई और चमकदार पेंटिंग के बाद भवन का पूरा परिसर एकदम नया और जीवंत लगने लगा है। NEERI पर्यावरण विज्ञान और इंजीनियरिंग में शोध और नए इनोवेशन के लिए समर्पित है।







# प्रगति और पहचान की ओर
## एलआईएफबी (LIFB) एक्सपो 2026 में स्नोसेम की उपस्थिति

स्नोसेम ग्रुप ने गर्व के साथ LIFB Expo 2026 में हिस्सा लिया, जो 30 जनवरी से 1 फरवरी 2026 तक जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में आयोजित हुआ था। इस बड़े एक्सपो में उद्यमी, स्टार्टअप, निवेशक और अलग-अलग उद्योगों के लीडर एक साथ आए, जिससे नेटवर्किंग और सहयोग का अच्छा मौका मिला।

इस प्रदर्शनी में, स्नोसेम ने अपने उत्पादों की पूरी श्रृंखला प्रस्तुत की और बाजार की बदलती जरूरतों के अनुसार बनाए गए नए और भरोसेमंद पेंट्स को प्रदर्शित किया। एक समूह के रूप में, हमने अपने संपूर्ण उत्पादों को लोगों के सामने रखा, जिसमें स्नोसेम पेंट्स के साथ हाथी सीमेंट और सिद्धि सीमेंट को भी दिखाया गया। ये सभी उत्पाद निर्माण और बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में हमारी मिली-जुली क्षमताओं को दर्शाते हैं।

स्टॉल का उद्घाटन कंपनी के सीईओ श्री सुरेंद्र भाटिया और मार्केटिंग हेड श्री विजय गोहाटे ने किया। इस दौरान मुंबई महानगरपालिका के कमिश्नर श्री भूषण गगरानी सहित कई महत्त्वपूर्ण अतिथि भी आए, जो हमारे लिए गौरव की बात थी।

एलआईएफबी (LIFB) एक्सपो 2026 में हमारी सहभागिता से उद्योग के हितधारकों के बीच ब्रांड की व्यापक पहचान बनी और हमें डेवलपर्स, संस्थागत खरीदारों एवं प्रमुख निर्णयकर्ताओं के साथ सार्थक संवाद स्थापित करने का अवसर प्राप्त हुआ। इससे भविष्य में नए अवसर और साझेदारी की संभावनाएँ भी बढ़ीं।







# फन जोन

## 24 शब्द खोजें

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| P | A | S | S | P | O | R | T | I | S | M | R | H | O | O | M | R | A | R |
| N | F | A | F | T | R | Y | G | N | Q | C | O | O | A | W | I | A | I | E |
| I | G | K | S | U | I | T | C | A | S | E | A | T | E | W | T | A | R | L |
| F | X | Q | G | E | E | I | A | N | S | B | D | E | D | L | A | G | P | A |
| I | C | K | K | S | S | J | S | T | T | P | T | L | U | X | N | S | O | X |
| S | Q | U | N | Y | V | Z | I | B | P | S | R | M | O | T | E | L | R | A |
| K | A | U | G | Z | C | S | N | E | Y | J | I | T | E | P | S | P | T | T |
| J | S | Z | S | H | C | T | O | A | S | X | P | R | W | H | H | E | I | I |
| Z | E | Y | C | W | E | R | N | C | E | O | U | W | P | E | S | G | S | O |
| P | R | A | I | J | I | G | U | H | P | S | U | A | S | U | N | Z | L | N |
| T | T | C | P | Q | K | M | S | I | I | O | R | V | O | I | B | F | A | X |
| I | P | Q | I | L | P | E | S | E | S | G | Z | H | E | J | W | F | N | L |
| C | T | Q | Q | R | I | M | L | U | O | E | E | E | Q | N | P | W | D | U |
| K | F | O | N | R | E | Q | Q | T | I | K | S | N | J | Q | I | Y | V | G |
| E | X | O | O | E | D | O | O | X | A | T | K | H | N | S | E | R | G | G |
| T | S | M | S | S | K | H | F | L | H | S | O | E | I | V | H | H | S | A |
| S | E | N | Q | O | P | J | K | G | Z | M | G | H | U | P | V | A | Z | G |
| M | K | U | W | R | I | T | I | N | E | R | A | R | Y | A | D | B | J | E |
| C | L | S | V | T | P | S | T | R | A | V | E | L | A | G | E | N | T | N |

AIRPORT
BEACH
CASINO
CRUISE SHIP
HOTEL
ISLAND
ITINERARY
LAKE HOUSE
LEISURE
LUGGAGE
MEMORIES
MOTEL
PASSPORT
PHOTOGRAPH
RELAXATION
RESORT
ROAD TRIP
SIGHT-SEEING
SOUVENIRS
SUITCASE
SUNSET
SWIMSUIT
TICKETS
TRAVEL AGENT

## अंतर खोजें





THE MEHTA® GROUP

स्नोसेम न्यूज़ हमारे लिए सिर्फ़ एक न्यूज़लेटर नहीं है; इसके हर पन्ने पर हमारे कर्मचारी, पार्टनर, डीलर, कॉन्ट्रैक्टर और सहयोगी इन सभी लोगों की सोच और अनुभव झलकते हैं। ये वही लोग है, जो हमारी सफल यात्रा को आगे बढ़ाते हैं।

आपके अनुभव, आपके विचार और आपके दृष्टिकोण से की गई बातें हमें स्वयं को बेहतर तरीके से देखने, सीखते रहने और साथ-साथ मज़बूत बनने में मदद करते हैं।

आप द्वारा साझा की गई बातें और दिये गये सुझाव के दम पर ही हम बेहतर तरीके से संवाद कर सकते हैं, साथ मिलकर काम कर सकते है तथा एक संस्था के रूप में आगे बढ़ सकते हैं।

हम चाहते हैं कि आप इस बातचीत का सक्रिय हिस्सा बनें। अपने प्रतिभाव, सुधार के सुझाव, सफलता की कहानियाँ, तस्वीरें या ऐसे  ए खुशी की बात हो। आपकी आवाज़ हमारे लिए महत्त्वपूर्ण है। आपकी भागीदारी से यह प्रकाशन और भी उपयोगी, प्रासंगिक और पूरे स्नोसेम परिवार की भावना को दर्शाने वाला बनता है।

आप अपने विचार हमें इस ईमेल पर भेज सकते हैं: snowcemnews@mehtagroup.com

आपकी राय मायने रखती है, और इससे आप ₹500 जीत सकते हैं! बस क्यूआर कोड स्कैन करें और अपनी बहुमूल्य प्रतिक्रिया हमारे साथ साझा करें। इसमें बस कुछ मिनट लगेंगे और आपकी सराहना के तौर पर, आपको ₹500 के अमेज़न वाउचर जीतने का मौका मिलेगा!

आपकी राय मायने रखती है। स्कैन करें, साझा करें और आज ही जीतें!

Snowcem PAINTS

HATHI® CEMENT | Sidhee® CEMENT

**कॉर्पोरेट कार्यालय:**
तीसरी मंज़िल, अग्रिमा बिज़नेस सेंटर,
एन. के. मेहता इंटरनेशनल हाउस,
178, बैकबे रिक्लेमेशन, बाबूभाई चिनाई मार्ग,
मुंबई – 400 020, महाराष्ट्र

टोल फ्री: 1800-891-3541
ईमेल: customercare.scl@snowcempaints.com

